फाईल संख्या : परीक्षा /3(1)2018/एस.एस.

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
Employees' Provident Fund Organisation
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
(MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA)
मुख्य कार्यालय/Head Office
भविष्य निधि भवन, 14, भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Bhavishya Nidhi Bhawan, 14, Bhikaiji Cama Place, New Delhi-110066
वैबसाईट/Website: www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

नोटिस

विषय : अनुभाग पर्यवेक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा।

अनुभाग पर्यवेक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) के आयोजन हेतु परिपत्र सं. परीक्षा 3(1)2018/एस.एस./83 दिनांक 21.06.2018 द्वारा 22.08.2018 को परीक्षा के आयोजन हेतु नोटिस जारी किया गया था। उक्त परीक्षा को परिपत्र संख्या परीक्षा /3(1)2018/एस.एस./94 दिनांक 06.07.2018 द्वारा स्थगित कर दिया गया था।

2. अब इस परीक्षा का आयोजन 27.07.2019 को किया जाएगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (कभनिसं) के जो कर्मचारी अधिसूचना संख्या: परीक्षा 3(1)2018/एस.एस./83 दिनांक 21.06.2018 के अनुसार पात्र हैं, वे ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन करने के लिए दिनांक 05.06.2019 (00:00 बजे) से 23.06.2019 (24:00 बजे) तक विंडो उपलब्ध रहेगी।

3. माननीय कैट, प्रधान पीठ, नई दिल्ली के ओ.ए. संख्या: 2495/2018 में अंतरिम आदेश तथा इसी मामले पर माननीय कैट की विभिन्न पीठों में दिए अंतरिम आदेशों के अनुसार, दिनांक 28.07.1992 (परिशिष्ट-ए) एवं 30.09.2006 (परिशिष्ट-बी) तथा दिनांक 05.07.2017 (परिशिष्ट-सी) को अधिसूचित पूर्व अनुभाग पर्यवेक्षक के भर्ती नियमों के अनुसार अनुभाग पर्यवेक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा में बैठने के लिए पात्र अभ्यर्थी पंजीकरण करके परीक्षा में बैठ सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी अस्थायी होगी, जो विभिन्न न्यायालयों के मामलों के परिणाम पर निर्भर होगी।

4. **जिन अभ्यर्थियों ने अनुभाग पर्यवेक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए दिनांक 22.08.2018 को निर्धारित सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा हेतु आवेदन किया था, जिसे कार्यालय के परिपत्र संख्या: परीक्षा 3(1)2018/एस.एस./94 दिनांक 06.07.2018 द्वारा स्थगित कर दिया गया था, उन्हें पुन: आवेदन करना होगा।**

5. रिक्तियों की संख्या सहित अन्य शर्तें, पूर्व में जारी अधिसूचना दिनांक 21.06.2018 के अनुसार ही रहेंगी।

6. गतिविधियों की अनुसूची (परिशिष्ट-डी), रिक्तियों की स्थिति (परिशिष्ट-ई), परीक्षा केंद्र (परिशिष्ट-एफ) तथा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन अनुभाग पर्यवेक्षक प्रतियोगी परीक्षा योजना, 2017 (परिशिष्ट-जी) इस नोटिस के साथ संलग्न हैं।

भवदीय,

रूपेशोर 20/5/19

(के. रूपेशोर सिंह)

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त - I (परीक्षा)

फाईल संख्या: परीक्षा 3(1)2018/एस.एस./54 63 दिनांक 20.05.2019

23 MAY 2019

वितरण:

1. केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त के प्रधान निजी सचिव/सलाहकार।
2. वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, सभी अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मुख्यालय) के प्रधान निजी सचिव।
3. निदेशक - पीडीनास, अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त, आं.प्र.सं., सभी अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मुख्यालय) एवं सभी अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त, अंचल, सभी प्रभारी अधिकारी - आपसे अनुरोध है कि अपने अधीन सभी पात्र कर्मचारियों के बीच इस परिपत्र का परिचालन करें तथा दिनांक 03.06.2019 अथवा उससे पूर्व rpfc.exam@epfindia.gov.in पर ई-मेल द्वारा इसकी पुष्टि करें।
4. महासचिव, अ.भा.क.भ.नि. स्टाफ फेडरेशन एवं महासचिव, अ.भा.क.भ.नि. अनु.जा./अनु.ज.जा. स्टाफ फेडरेशन।
5. गार्ड फाईल